>

Title: Regarding notices of Adjournment Motion.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज, बैठिए । पूरी बात सुनिए ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैंने कहा है कि मैंने किसी भी स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है । लेकिन, जब माननीय सदस्य ने इस विषय को प्रश्न काल में उठाया था तो मैंने कहा था कि आपको शून्य काल में बोलने की इजाजत दी जाएगी ।

…(व्यवधान)

श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर): सर, मुझे बोलने दीजिए ।

माननीय अध्यक्ष: नहीं ।

माननीय सदस्य, प्लीज आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): सर, वहां की…* कैसे खत्म होगी?

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, नहीं । आपको वकील बनने की जिम्मेदारी नहीं दी है । आप बैठिए ।

…(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी: सर, बंगाल का बुरा हाल है ।

माननीय अध्यक्ष: आप बैठिए । आपको वकील नहीं बनाया गया है ।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी, आप माननीय सदस्यों को बता दीजिएगा कि इस तरीके से बीच में न उठा करें ।